हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 28 जनवरी 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

12 सामाजिक बुराइयों को दूर कर शिक्षा पर ध्यान देना ...



16 किसानों की पीड़ा : कांग्रेसियों ने एनएच पर किया चक्काजाम, ...




## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें




Advt.


## खबर संक्षेप

### आज साईं बाबा मंदिर का स्थापना वार्षिकोत्सव

**सिर्री।** ग्राम अटंग में श्री साईं समर्पण समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 28 जनवरी बुधवार को श्री साईं बाबा स्थापना वार्षिकोत्सव का तीसरा वर्ष धूमधाम से मनाया जायेगा। सुबह 6 बजे साईं बाबा का मंगल स्नान, 7 बजे मंगल आरती, 9 बजे साईं मंत्रोच्चार, साईं पूजन, हवन एवं पूर्णाहुति की जायेगी। दोपहर 1 बजे महाप्रसादी, भंडारा किया जायेगा। शाम को कल्याण मानस एवं साईं भजन सोरम धमतरी की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी धूषण साहू ने दी।

### सतनामी समाज की बैठक आज

**नगरी।** ग्राम देऊरपारा के गुरु घासीदास मंदिर प्रांगण में सतनामी समाज की ब्लॉक स्तरीय बैठक 28 जनवरी बुधवार को आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर अलग-अलग चर्चा की जाएगी। तैयारी में नगरी ब्लाक के अध्यक्ष विष्णु कुमार टंडन, सचिव घनानंद सोनवानी, कोषाध्यक्ष भारत मनहरे, उपाध्यक्ष योगेश भट्ट, नंदलाल कश्यप, चैनसिंह गहने जुटे हैं।

### जोरातराई में आज से कबीर सत्संग

**कुरुद।** ग्राम जोरातराई सिलौटी में पारख प्रचार समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 27, 28 एवं 29 जनवरी को संगीतमय सत्संग समारोह का आयोजन रखा गया है। मुख्य गायक व वक्ता सन्त अभय साहेब, कबीर नगर कहलगांव, भागलपुर(बिहार) होंगे। सत्संग प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे एवं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। यह जानकारी दयालुराम साहू ने दी है।

### सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण के लिए आवेदन 7 तक

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज में सुरक्षा गार्ड कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए इच्छुक आवेदक 7 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि 18 से 45 वर्ष तक की आयु के न्यूनतम उंचाई 5 फीट 6 इंच और कम से कम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण योग्यताधारी पुरूष आवेदक इस प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

ग्राम देमार के पास हुआ सड़क हादसा, आक्रोशित ग्रामीणों व युवाओं ने किया चक्काजाम

# ट्रक से हुई भिड़ंत में कार के परखच्चे उड़े, वृद्ध की मौत, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भखारा मार्ग पर ग्राम देमार के पास ट्रक व कार के बीच भिड़ंत हुई। इस भिड़ंत में कार के परखच्चे उड़ गए। घटना में कार सवार वृद्ध मरीज की मौत हो गई। वहीं चार सवार गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं घटना से आक्रोशित ग्रामीण व युवाओं ने भखारा मार्ग पर चक्काजाम कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह भखारा मार्ग पर ग्राम देमार के पास भीषण सड़क हादसा हुआ। कार क्रमांक सीजी 19 बीआर 2927 से पंखाजूर के छोटे बेठिया से एक ही परिवार के पांच लोग बीमार वृद्ध का इलाज कराने रायपुर गए थे। बीमार वृद्ध सुखु हलदर उम्र 60 वर्ष का रायपुर के एम्स अस्पताल में उपचार कराकर मंगलवार की सुबह चालक पवित्र हलदर पिता सुरेश उम्र 30 वर्ष पंखाजूर पीवी 24 निवासी समेत सभी कार से पंखाजूर जाने के लिए रायपुर से निकले थे।





**ब्रेकर बनवाने के आश्वासन के बाद ग्रामीण हुए शांत**

देमार में हुए भीषण सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों व युवा मंच के युवाओं में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पहुंचे और धमतरी भखारा रायपुर मार्ग में चक्काजाम कर ब्रेकर की मांग करने लगे। सूचना पर सीएसपी, तहसीलदार व पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और चक्काजाम कर रहे लोगों से चर्चा कर दो दिन में ब्रेकर बनवाने का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर ग्रामीण शांत हुए।

कार में वृद्ध सुखु हलदर ग्राम छोटे बेठिया, उसका पुत्र कृपा हलदर उम्र 25 वर्ष, बीना मंडल पति प्रांजल उम्र 40 वर्ष छोटे बेठिया व विपुल बाईन पिता प्रशांत उम्र 35 वर्ष ग्राम गोविंदपुर कांकेर निवासी सवार थे। कार भखारा मार्ग से होते हुए धमतरी की तरफ बढ़ रही थी। इसी दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमएस 9913 धमतरी से रायपुर की तरफ जा रहा था। ग्राम देमार के पास साइड देने के चक्कर में ट्रक सड़क के सेंटर को पार कर गया। अपनी साइड की तरफ ट्रक को आता देख चालक टकराने से बचने के लिए रांग साइड की तरफ चला गया। ट्रक अपने साइड में वापस आ गया। इसी दौरान कार व ट्रक के बीच आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस टक्कर से कार के सामने के परखच्चे उड़ गए। वहीं कार में सवार बीमार वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य सवार बीना मंडल, कृपा हलदर, चालक पवित्र हलदर व विपुल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर वरदान संस्था के शिवा प्रधान, हेमंत प्रधान व राजू साहू एम्बुलेंस के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। वहीं संजीवनी 108 व हाईवे पेट्रोलिंग भी घटनास्थल पहुंच गई। दो को वरदान एम्बुलेंस, दो घायल को संजीवनी 108 व एक घायल को हाइवे पेट्रोलिंग द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें वार्ड में भर्ती किया गया। घायलों में से दो को दोपहर तक रायपुर रिफर कर दिया गया है। वहीं परिजनों के आने में देरी होने के कारण मृतक का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है।

## उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में सूर्यास्त से सूर्योदय तक आवागमन पर प्रतिबंध

**सिर्फ एम्बुलेंस तथा आपातकालीन सेवा रहेगी जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में रात को आवागमन पर प्रतिबंध लग गया है। इस जंगल में एम्बुलेंस तथा आपातकालीन स्थिति को छोड़कर शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक सैकड़ों किसी रास्ता प्रभावित रहेगा जिसमें 130 सीडी नेशनल हाईवे भी शामिल है।

उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में पारित आदेश के अनुसार टाइगर रिजर्व के कोर, क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट से गुजरने वाली सड़कों में सूर्यास्त से सूर्योदय तक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन्य जीव वार्डन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार टाइगर रिजर्व के वन्य प्राणी रहवास क्षेत्र के अंतर्गत स्थित जांच नाका को शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे बंद रखा जाना आवश्यक है। धमतरी जिले के लिखमा बेरियर, जोरातराई बेरियर एवं रिसगांव बेरियर को शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद रखा जाएगा जिसमें उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के रिसगांव परिक्षेत्र अंतर्गत फरसगांव रेंज सीमा से मुंहकोट कैम्प, एकावारी से साल्हेभाठ जंक्शन आदि 40 सड़कों में 147 किमी रास्ता शाम से सुबह तक प्रभावित रहेगा। सीतानदी परिक्षेत्र के अंतर्गत बिरनासिल्ली बेरियर, जैतपुरी बेरियर, कसपुर बेरियर, बोराई बेरियर अंतर्गत बिरनासिल्ली से बोराई तक सड़क 130 सीडी नेशनल हाईवे के साथ आंधामांझी से बस्तर सीमा के बिरनासिल्ली आबादी लाइन से फरसगांव तक 25 सड़कों का 93 किमी रास्ता रात्रि में बंद रहेगा।

धमतरी जिले के सांकरा-पचमेढ़ी हाईटेक बेरियर एवं गहनासियार बेरियर जिसमें अरसीकन्हार परिक्षेत्र के झरियाबाहरा से सांकरा तक सड़क 130 सीडी नेशनल हाईवे के साथ 20 मार्गों का 73 किमी रासता प्रभावित रहेगा।


## तंबाकू उत्पादों की जमाखोरी शुरू, बीड़ी सिगरेट, गुटखा 20 प्रतिशत हुआ महंगा

- नशापान करने वालों को अब जेबें ज्यादा ढीली करनी पड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी जैसे मादक पदार्थों का सेवन करने वालों को अब जेबें ज्यादा ढीली करनी पड़ेगी। मादक पदार्थों में उत्पाद शुल्क बढ़ने की खबर के साथ इसकी जमाखोरी बड़े पैमाने पर शुरू हो गई है। बाजार में अभी से थोक और चिल्हर में मादक पदार्थों के दाम 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ गए हैं।

जर्दा गुटखा पाउच खाने के शौकीन प्रशांत कुमार, रामचंद, बिलाश कुमार बताते हैं कि राजश्री, आशिकी, विमल के नाम से मिलने वाला गुटखा पाउच कल तक 20 रूपये में चार पाउच मिल रहा था अब 20 रूपये में तीन पाउच हो गया है। इसी तरह सितार, पानबाग का पाउच 10 रूपये में चार के बदले तीन दिया जा रहा है। सिगरेट, बीड़ी पीने वाले संतोष देवांगन, धनीराम ने बताया कि 20 रूपये में मिलने वाला बीड़ी का बंडल 22 तथा 15 रूपये का बंडल 17 रूपये हो गया है। सिगरेट में गोल्ड फ्लेग 10 रूपये से बढ़कर 12 रूपये, फ्लेग 8 रूपये से 10, लाइट बिग साइज का सिगरेट 20 से 22 रूपये में खरीदना पड़ रहा है।



पान ठेला व्यवसायी व्यासनारायण ने बताया कि बीड़ी, सिगरेट, जर्दा गुटखा का दाम थोक में बढ़ा दिया गया है। थोक व्यवसायी मादक पदार्थों की जमाखोरी कर सीमित मात्रा में उपलब्ध करा रहे हैं। बाजार में शार्टेज बताकर इसका दाम बढ़ा दिया गया है। नशापान करने वालों को जेबें ज्यादा ढीली करनी पड़ रही है।

मादक पदार्थ तंबाकू, सिगरेट के थोक व्यवसायी बताते हैं कि जनवरी 2026 की रिपोर्ट के अनुसार देशभर में तंबाकू और सिगरेट जैसे मादक पदार्थों के दाम काफी बढ़ने वाले हैं। 1 फरवरी को बजट पेश होने के साथ सभी तंबाकू उत्पाद सिगरेट और गुटखा पर उत्पाद शुल्क में भारी वृद्धि होगी। वर्तमान में मादक पदार्थों पर 40 प्रतिशत जीएसटी है। अब इस पर उत्पाद शुल्क लगाया जा रहा है जो पहले की तुलना में काफी अधिक होगी। उत्पाद शुल्क बढ़ने से तंबाकू उत्पादों के दाम में 28 प्रतिशत तक महंगा हो सकता है। विशेष रूप से बीड़ी सिगरेट-किंग साइज के दाम प्रति स्टीक 5 से 6 रूपये तक महंगे हो सकते हैं। कहा जा रहा है कि सरकार ने यह निर्णय स्वास्थ्य संबंधित खर्चों में वृद्धि और तंबाकू सेवन को काम करने के उद्देश्य से लिया गया है।






मानदेय में बढ़ोतरी की मांग को लेकर मध्यान्ह भोजन कर्मियों की हड़ताल शुरू

# दो हजार रुपए में नहीं हो रहा जीवनयापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मानदेय में वृद्धि की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन (सीटू) के बैनरतले रसोईया कर्मी एक बार फिर हड़ताल पर चले गए हैं। यह हड़ताल 27 से 31 जनवरी तक कुल पांच दिनों तक चलेगी। हड़ताल के चलते जिले के शासकीय स्कूलों में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है, जिससे शाला प्रबंधन संकट में आ गया है।

गांधी मैदान में आयोजित धरना स्थल पर यूनियन के राज्य अध्यक्ष समीर कुरैशी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा बीते 11 वर्षों से शिक्षा विभाग के बजट में लगातार कटौती की जा रही है। वर्ष 2013-14 में तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने अपने अंतिम बजट में मध्यान्ह भोजन के कर्मियों के मानदेय में 2000 रुपये की वृद्धि को स्वीकृति दी थी, लेकिन बाद में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद इस वृद्धि को बजट से बचा हटा दिया गया। तब से अब तक रसोईया कर्मियों के मानदेय में कोई ठोस बढ़ोतरी नहीं की गई है।




धरना स्थल पर मौजूद ललिता साहू, अनुसुईया कंडरा, बालाराम मरकाम और डीहूराम यादव ने बताया कि वे पिछले 15 वर्षों से स्कूलों में रसोईया का कार्य कर रहे हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने अब तक केवल 200 रुपये की मामूली मानदेय वृद्धि ही की है, जो बेहद निराशाजनक है। मगरलोड क्षेत्र की नेमिन निषाद, अमेरिका नगारची और सीता साहू ने कहा कि वर्तमान में उन्हें मात्र 2000 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलता है, जो बढ़ती महंगाई के दौर में जीवनयापन के लिए पर्याप्त नहीं है।

सेमरा-भखारा क्षेत्र से आईं अंजलि शर्मा, रविता गोस्वामी और रूक्मिणी निषाद ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महिलाओं का आर्थिक शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार होने के बावजूद आम जनता और श्रमिक वर्ग को कोई वास्तविक लाभ नहीं मिल रहा है। इस अवसर पर सीटू के जिला अध्यक्ष मणिराम देवांगन ने बीड़ी मजदूर यूनियन की ओर से मध्यान्ह भोजन कर्मियों की पांच दिवसीय हड़ताल को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की।

## खबर संक्षेप



### भक्त की आस्था से प्रकट होते हैं भगवान : पं. सागर मिश्रा

**जीजामगांव।** ग्राम कोंडापार में पंडित स्वर्गीय रामकुमार शर्मा की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में निरंतर जारी है। कथा के दौरान कथावाचक पंडित सागर मिश्रा महाराज पंडरिया (कबीरधाम) ने भक्त प्रहलाद और भगवान के बीच परस्पर भाव व अटूट संबंध का मार्मिक प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि एक बार किसी ने प्रश्न किया भगवान कहां हैं? इसका उत्तर है, जहां भक्त की हां होती है, वहीं भगवान प्रकट हो जाते हैं। भक्त की सच्ची आस्था ही ईश्वर को साकार कर देती है। इसी भाव के कारण भक्त प्रहलाद के लिए भगवान खंभे से प्रकट हुए और नरसिंह अवतार लेकर अपने भक्त वत्सल स्वरूप को सत्य किया। महाराज ने बताया कि वत्सल शब्द का अर्थ स्नेहपूर्वक चाटना होता है, इसलिए भगवान नरसिंह अपने भक्त प्रहलाद को दुलारते हुए अपने नाम के अर्थ को भी सार्थक करते हैं। कथा सुनने आसपास के श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

### ऑल इंडिया बार काउंसलिंग परीक्षा में देवश्री उत्तीर्ण



**अमलीडीह (भखारा)।** ग्राम सौराबांधा (सिलौटी) निवासी कुमारी देवश्री नेताम पिता केवल सिंह नेताम ने आल इंडिया बार काउंसलिंग परीक्षा में सफलता हासिल कर अधिवक्ता के रूप में चयनित होकर क्षेत्र और जनजातीय गोंड़ समाज का नाम रोशन किया है। देवश्री नेताम इस समय राजधानी रायपुर के जिला एवं सत्र न्यायालय में प्रैक्टिस कर रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर सरपंच उर्वशी एकबीर चांद और पंचायत प्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### बोरसी में शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ 2 फरवरी से

**कुकरेल(धमतरी)।** मगरलोड ब्लाक के ग्राम बोरसी (साल्हेभाट) के श्री राजराजेश्वर पंच शक्ति महामाया मां, श्री मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय श्रीराज राजेश्वर शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। प्रवचन कर्ता टीकमशरण ग्राम हरदी छुरा जिला गरियाबंद होंगे। परायणकर्ता नूतन मिश्रा ग्राम हरदी छुरा जिला गरियाबंद , रामदेव शर्मा ग्राम भोथा बोरसी जिला धमतरी होंगे। आयोजक समिति के प्रमुख रामचंद्र मंडावी ने बताया कि ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन 2 फरवरी सोमवार को कलशयात्रा निकाली जाएगी जिसमें वेदी पूजन, देवराज मुक्ति पुराण महत्तम आदि का कार्यक्रम होगा। 3 को पीपलाद अवतार, ज्योतिर्लिंग प्रादुर्भाव, द्वादश ज्योतिर्लिंग, महिमा पार्थिव, शिवलिंग महिमा, शिव अवतारों का वर्णन होगा। 4 फरवरी को शिव भक्त चरित्र अर्धनारीश्वर कथा, कुबेर भंडारी की कथा, दुर्वाशा अवतार की कथा होगी। 5 फरवरी को मां पार्वती जन्म कथा एवं शिव पार्वती विवाह होगा। 6 फरवरी को त्रिपुर निर्माण त्रिपुरारी की कथा, पूर्णाहुति, शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन की तैयारी में श्रीमती अरुणा बाई, रामचंद्र मंडावी, श्रीमती विमला बाई, भूपेशचंद्र मंडावी, श्रीमती नंदनी बाई, दिनेशचंद्र मंडावी, श्रीमती डामेश्वरी, मुकेश ठाकुर, लक्ष्मी, खुशाल, तुषार, नयन, तनुज जुटे हुए हैं।

### निधन

### रमेशलाल वाधवानी



**धमतरी।** स्व. गुरबख्शमल वाधवानी के पुत्र रमेशलाल वाधवानी (गोपाल रेडियो) का निधन हो गया। अंतिम यात्रा निवास स्थान शिव चौक डॉ खेमचंद भोजवानी के बाजू गली से निकली। वे दिनेश वाधवानी के पिता, अशोक वाधवानी रायपुर के भाई, जगदीश कुमार केवलानी, राकेश कुमार कोटवानी के ससुर तथा यश, हर्ष, सोमेश, मोहित, किशन के दादा थे।

## गणेशपुर परिक्षेत्र में भक्त शिरोमणि गुहा निषाद राज जयंती मनाई गई

# सामाजिक बुराइयों को दूर कर शिक्षा पर ध्यान देना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव





गणेशपुर परिक्षेत्र में भक्त शिरोमणि गुहा निषाद राज जयंती का आयोजन सामाजिक एकता और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरूराम निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग कैबिनेट मंत्री दर्जा छग शासन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ललित निषाद 20 पाली सिलतरा परिक्षेत्र ने की।

अति विशिष्ट अतिथि गौकरण साहू जिपं उपाध्यक्ष धमतरी, चंदूलाल निषाद अध्यक्ष धमतरी जिला निषाद समाज, चंद्रकुमार निषाद अध्यक्ष गणेशपुर परिक्षेत्र, रेखा देवी निषाद मनोनीत जिलाध्यक्ष उपसरपंच गणेशपुर, गुंजाबाई निषाद जिला सचिव धमतरी, गंगाप्रसाद मिश्रा सरपंच गणेशपुर, चंचल साहू जनपद सदस्य, कृष्णकुमार अध्यक्ष सोसायटी समिति जीजामगांव, देवचरण चंद्राकर सरपंच जामगांव, मीना संतराम साहू सरपंच सर्बदा, आनंद निषाद पूर्व सरपंच सरक्षक गणेशपुर, दुखुराम निषाद नवागांव, चमनलाल निषाद कचना, विशेषरराम निषाद गणेशपुर, दशरथराम निषाद, देवराम निषाद मंडेली, नंद निषाद दरबा, सेवाराम निषाद मोहंदी, रामकृष्ण निषाद सिलीडीह, कामता निषाद, ग्राम पटेल जीवन साहू, ग्रामीण अध्यक्ष देवानंद धुव, गौकरण साहू, सी पी मिश्रा थे।

मुख्य अतिथि नेहरूराम निषाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए संगठित होना आवश्यक है। सामाजिक बुराइयों को दूर कर शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा, विशेषकर बेटियों की शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना समय की मांग है।

उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने समाज में नशा, धूम्रपान जैसी कुरीतियों को त्यागकर एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने निषाद राज के बताए मार्ग पर चलकर जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने तथा भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने पर जोर दिया।

अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. ललित निषाद ने कहा कि सामाजिक एकता, शिक्षा, स्वास्थ्य और नशामुक्ति के बिना समाज का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। उन्होंने सामाजिक सम्मेलन, आदर्श विवाह, महिला एवं युवा समितियों को सशक्त करने की आवश्यकता बताई। जिला अध्यक्ष चंदूलाल निषाद ने कहा कि सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों में एकजुट प्रयासों से ही समाज को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सकता है।

## छात्रों ने दी देव डांग मड़ई की आकर्षक प्रस्तुति





- माध्यमिक शाला नवागांव में विदाई एवं बाल मेला कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

माध्यमिक शाला नवागांव में विदाई समारोह एवं बाल मेला कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानपाठक पद पर पदोन्नत हुए सोनेन्द्र कुमार ध्रुव के सम्मान में किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला नवागांव के शिक्षकों एवं ग्रामवासियों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। साथ ही प्राथमिक शाला नवागांव में लगभग 20 वर्षों तक रसोईया के पद पर सेवाएं देने वाली रामबती बाई के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भी विदाई दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोनेन्द्र कुमार ध्रुव थे। अध्यक्षता माध्यमिक शाला नवागांव के प्रधानपाठक भगवान सिंह गौर ने की। विशिष्ट अतिथि नवागांव-सांकरा की सरपंच नगीना सोम थी। अन्य अतिथि शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष तुलसीराम कश्यप, मोहनलाल देवदास, दिनेश ताम्रकार, कंवल सिंह हिरवानी, अर्जुन सिंह मरकाम, बजरंग पुजारी, धनसिंह नेताम एवं मिनेश्वरी पुजारी थे। प्रधानपाठक भगवान सिंह गौर ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। पीएम श्री प्राथमिक शाला की प्रधानपाठक कंचन साहू ने पीएमश्री योजना की जानकारी दी। सरपंच नगीना सोम ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद व अन्य गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मोहनलाल देवदास ने अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं दिनेश ताम्रकार ने शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने एवं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपील की। मुख्य अतिथि सोनेन्द्र कुमार ध्रुव ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए इसका श्रेय शिक्षकगणों को दिया। मंच संचालन एसबी मिर्जा और आभार प्रदर्शन प्रधानपाठक भगवान सिंह गौर ने किया। इस दौरान बच्चों द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न स्टॉल लगाकर सामग्री की खरीदी-बिक्री की। बच्चों के लिए झूले की व्यवस्था भी की गई। बच्चों द्वारा देव डांग मड़ई की प्रस्तुति दी गई, जिसका ग्रामीणों ने भरपूर आनंद लिया।

### उड़ेना में राम गुणगान महोत्सव 29 से

**पुरी।** ग्राम उड़ेना में उपासना मानस मंडली उड़ेना के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्तरीय त्रि दिवसीय मानसगान एवं व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन 29 जनवरी से 1 फरवरी तक किया गया है। शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि तेजराम निर्मलकर सरपंच उड़ेना होंगे। अध्यक्षता राजेंद्र चंद्राकर ग्राम पटेल करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि जगमोहन नवरंगे उपसरपंच उड़ेना होंगे। समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि इंदर चोपड़ा पूर्व विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता तेजराम निर्मलकर सरपंच उड़ेना करेंगे। विशिष्ट अतिथि खम्हन साहू, होरीलाल चंद्राकर होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में आयोजक समिति के अध्यक्ष लीलाराम ध्रुव, उपाध्यक्ष जितेंद्र निर्मलकर, सचिव प्रीतम साहू, अध्यक्ष लीला ईश्वर साहू, संरक्षक हेमाराम ध्रुव, सहसचिव भूपेंद्र ध्रुव जुटे हैं। यह जानकारी प्रीत चंद्राकर एवं खिलावन चंद्राकर ने दी।

## कबीर आश्रम में सत्संग सुनने उमड़े श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

ग्राम नवागांव कचना के कबीर आश्रम में सत्संग समारोह हुआ जिसमें लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरुद एवं राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग नई दिल्ली एवं प्रभुदयाल साहू समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। सत्संग में धर्मेंद्र साहेब, सुरेंद्र साहेब, कृपाशरण, गुरुशरण साहेब ने कहा कि आदमी मंदिर, मस्जिद, नेता, गुरुजी से मिलने जाता है तो हमेशा फूल भेंट क्यों देता है क्योंकि फूल में कोमलता, सुगंध होती है। ठीक उसी प्रकार अगर व्यक्ति के व्यवहार में कोमलता, मधुरता होती है तो वह व्यक्ति हमेशा लोगों को संगठित करने में सफल होता है। लेखराम साहू ने कहा कि लोगों में सद्भावना आवश्यक है। एक दूसरे से मिलकर रहना चाहिए। इससे संगठित एवं श्रेष्ठ समाज का निर्माण होता है।

## शहीद निर्मल कुमार को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



26 जनवरी पर शाउमावि दुगली में वीर शहीद निर्मलकुमार नेताम को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर दुगली थाना प्रभारी रामकिशन मरकाम एवं दुगली पुलिस स्टाफ द्वारा शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य एलके सोम, प्रधानपाठक राजेश ध्रुव, पालक समिति सदस्य भोज सोनवानी, वरुणदेव नेताम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। लोगों ने शहीद निर्मल कुमार के देश प्रेम, साहस और बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## जिपं अध्यक्ष ने किया कैलेण्डर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई मगरलोड के वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन अरूण सार्वा अध्यक्ष जिपं धमतरी, वीरेन्द्र साहू अध्यक्ष जपं मगरलोड, व्हीपी चन्द्रा प्राचार्य सेजेस सिंगपुर, अमित महोबे जिलाध्यक्ष छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ, डेवेश साहू जिला कोषाध्यक्ष छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने किया। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष श्री सार्वा ने कहा कि एक शिक्षक की भूमिका राष्ट्र निर्माता के रूप में अग्रणी होता है एवं बच्चों के भविष्य को गढ़ने का काम भी एक शिक्षक ही करता है। जपं अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि शिक्षक हमेशा से ही सम्मान का पद रहा है और शिक्षक ही हैं जो हमेशा नवाचार करते रहते हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मगरलोड बेदराम साहू, कोषाध्यक्ष झुमुकलाल साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष दिलीप कोठारी, सहसचिव दुष्यंत साहू, संगठन मंत्री शेखन साहू, गजेन्द्र साहू, ब्लॉक अध्यक्ष कुरूद हुमन चन्द्राकार, ब्लॉक अध्यक्ष नगरी पदुमलाल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी वरूण साहू, लुकेश्वर निषाद, महेश साहू, रीमन सिंग दीवान, दिनेश गायकवाड़, गैंदराम धीवर, जयंत साहू, आत्माराम साहू, गुलाप साहू, राकेश साहू, अवधराम साहू, उदयभान पाल, विकास कंवर, भोजपाल साहू, रश्मि निर्वाण, धनेश्वरी साहू, भामा साहू, कामना केरकेट्टा उपस्थित थे।

## अधिकारी-कर्मचारी एसोसिएशन ने किया छात्रों का सम्मान

- संगठन के वार्षिक कैलेंडर का अतिथियों ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)



नगर पंचायत भखारा के रामलीला मैदान में अधिकारी कर्मचारी संगठन ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। नगर पंचायत क्षेत्र के स्कूलों में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह व प्रोत्साहन राशि भेंटकर सम्मानित किया। साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सुश्री माधुरी डडसेना, देश सेवा के लिए चयनित जवानों का तथा निःशुल्क प्रशिक्षण देने वाले फ्रीडम एकेडमी के संचालक समीर गौर को भी सम्मानित किया गया। अधिकारी कर्मचारी संगठन नगर पंचायत भखारा भठेली के वार्षिक कैलेंडर का भी विमोचन किया गया। संगठन के सदस्य तेजराम यादव के निर्देशन में लोकमाला डांस ग्रुप ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन थीं। अध्यक्षता संगठन के संरक्षक बीरेंद्र कुमार साहू ने की। विशिष्ट अतिथि मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त व्याख्याता डोमा पुरी गोस्वामी, पीआर प्रीतम, जानेश्वरी साहू, भगवानी राम शांडिल्य, हरखचंद जैन, टकेश्वरपुरी गोस्वामी, छबि निर्मलकर थे। संगठन अध्यक्ष आरडी साहू ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज में रचनात्मक कार्य करना है। ज्योति जैन ने कहा कि यह सम्मान आपको निरंतर आगे बढ़ाने के लिए है। अन्य अतिथियों ने कहा कि अधिकारी कर्मचारी संगठन ने नगर में कई रचनात्मक काम किए हैं। कार्यक्रम का संचालन सचिव लीलाराम कुर्रे एवं आभार व्यक्त कोषाध्यक्ष हेमंत कुमार साहू ने किया।

## आनंद अनुभूति शिविर में लोगों ने सीखी सुदर्शन क्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगदेही(धमतरी)



दि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा ग्राम भुसरेंगा में आनंद अनुभूति शिविर हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के अनेक लोगों ने भाग लेकर योग, ध्यान, प्राणायाम एवं सुदर्शन क्रिया सीखी। प्रशिक्षक नागेंद्र साहू एवं राजेंद्र साहू नवा रायपुर ने बताया कि इस कार्यक्रम में ध्यान, प्राणायाम के साथ-साथ सुदर्शन क्रिया सिखाई जाती है। यह श्वास की अद्भुत लयबद्ध पद्धति है जिसमें श्वास के अलग-अलग लय के माध्यम से शरीर, मन व चेतना के लय को एक लय में लेकर आते हैं । इससे शरीर स्वस्थ एवं मन शांत व प्रसन्न होता है। कार्यक्रम के अंतिम दिन गुरु पूजा एवं भजन संध्या हुई। कार्यक्रम में सरपंच ललिता साहू, खिलेंद्र साहू, अनुज साहू, पंचदेव ध्रुव, शंभू साहू, विष्णु ध्रुव, उर्वशी निर्मलकर, नंदिनी पटेल , भागेश्वरी निर्मलकर, योगेश्वरी ध्रुव, सुलोचना साहू , हुमेश्वरी विश्वकर्मा, मनेष निर्मलकर, हेमकेश्वरी ध्रुव समेत अन्य भाग लिया। कार्यक्रम में पंचायत सचिव एवं आर्ट ऑफ लिविंग के टीचर तामेश्वर साहू का विशेष सहयोग राह।

## पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने चार धान खरीदी केंद्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

# कई किसानों का एक बार भी नहीं कटा टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



जिले में धान खरीदी व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर पूर्व विधायक सिहावा डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेलरगांव, घुरावड़, कसपुर एवं घटुला के धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी।

पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण किसान मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान हैं। कई किसानों का एक बार भी टोकन नहीं कटा है, वहीं कुछ केंद्रों पर शासन द्वारा जबरन धान समर्पण कराने का दबाव बनाया जा रहा है, जो पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। कांग्रेस ने राज्य सरकार से मांग की कि धान खरीदी की समय-सीमा तत्काल बढ़ाई जाए और जिन किसानों का टोकन नहीं कटा है, उनका शीघ्र टोकन जारी किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान जल्द नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के हित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी।

इस दौरान राजू सोम अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगांव, कैलाशनाथ प्रजापति पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, अख्तर खान मंडल अध्यक्ष कांग्रेस बेलरगांव, राजेंद्र ठाकुर, दुर्गेश कश्यप, यशकरण पटेल, बिदेराम नेताम, तिलक नेताम, महेश कुमार नेताम सरपंच घुरावड़, नथेला राम नेताम, सुनाराम मरकाम, भाव सिंह नेताम उपस्थित थे।

### जबरन धान समर्पण की शिकायत

इस दौरान किसानों ने विधायक से शिकायत की कि कई किसानों का एक बार भी टोकन नहीं कटा है। शासन द्वारा जबरन धान समर्पण कराने का प्रयास किया जा रहा है जो न्यायोचित नहीं है। कांग्रेसियों ने बताया कि घुरावड़ धान खरीदी केन्द्र में 60 किसानों का 62.74 हेक्टेयर रकबा, बेलर केन्द्र में 150 किसानों का 129.590 हेक्टेयर रकबा, घटुला केन्द्र में 244 किसानों का एवं कसपुर केंद्र में 36 किसानों का टोकन नहीं कटने की जानकारी प्राप्त हुई है।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर डा. लोमेश सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

गणतंत्र दिवस पर नेत्रदान व नेत्र चिकित्सा एवं राष्ट्रीय गुणवक्ता आश्वासन मानक के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी एवं प्रभारी ब्लॉक नेत्रदान अधिकारी डॉ. लोमेश कुर्रे सिविल अस्पताल कुरुद प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चटौद को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने प्रशस्ति प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

## लुगे में रामायण गुणगान महोत्सव 1 फरवरी से

**मगरलोड।** शंकर सुमन आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमंत चौक लुगे में 1 फरवरी से 3 फरवरी तक रामायण गुणगान महोत्सव का आयोजन किया गया है। 1 फरवरी को दीप प्रज्वलन कर दोपहर 12 बजे गांव में शोभायात्रा निकाली जाएगी। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू होंगे। अध्यक्षता ग्रामीण अध्यक्ष श्यामलाल निषाद करेंगे। विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष खिलेश साहू, मंडल अध्यक्ष मोहन साहू, सरपंच नारायण साहू होंगे। अंतिम दिवस 3 फरवरी के मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अंबिका मरकाम होंगी। अध्यक्षता पूर्व सरपंच अंजनी निषाद करेंगी। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला कांग्रेस तारिणी चंद्राकर, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष डीहूराम साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज मगरलोड सुरेश साहू, पूर्व जनपद सदस्य मगरलोड दीपा साहू होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में संरक्षक सोनू राम साहू, गैंदराम साहू, रामकिशुन साहू, रूपलाल साहू, अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, उपाध्यक्ष श्यामलाल साहू, सचिव त्रिलोचन साहू, कोषाध्यक्ष अलेन साहू जुटे हुए हैं।

## जिला साहू संघ का शपथ ग्रहण समारोह एवं तेलीनसत्ती माता महोत्सव 30 जनवरी को

**धमतरी।** जिला साहू संघ द्वारा शपथ ग्रहण समारोह एवं तेलीनसत्ती माता महोत्सव का आयोजन 30 जनवरी को प्रातः 10 बजे तेलीनसत्ती माता मंदिर प्रांगण में किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। अध्यक्षता डॉ. नीरेंद्र साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ करेंगे। प्रमुख अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व गृह मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, धनेन्द्र साहू पूर्व मंत्री, विपिन साहू पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दुग्ध महासंघ छग होंगे। अति विशिष्ट अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी, चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद, रंजना साहू पूर्व विधायक धमतरी एवं लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद होंगे।

विशिष्ट अतिथि चित्ररेखा साहू पूर्व उपाध्यक्ष पर्यटन बोर्ड छग, दयाराम साहू पूर्व महामंत्री, छग प्रदेश साहू संघ, रामखिलावन साहू पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, रामकिशुन साहू पूर्व उपाध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव, सुंदरलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ भिलाई, अरुण सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, लक्ष्मीनारायण साहू पूर्व जिला अध्यक्ष साहू संघ धमतरी, रघुनंदन साहू पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, बालाराम साहू पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत, रामदयाल साहू पूर्व अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी, चितरंजन साहू पूर्व अध्यक्ष जिला साहू संघ, वीरेंद्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, ज्योति साहू अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी, मनीषा साहू पूर्व प्रदेश पदाधिकारी, शारदा साहू पूर्व प्रदेश पदाधिकारी, देवेंद्र सिन्हा सरपंच तेलीनसत्ती होंगे। जिला साहू संघ ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

## जहर सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम रांवा निवासी चन्द्रशेखर सिन्हा पिता धनीराम उम्र 38 वर्ष किसानी का काम करता था। वह शराब सेवन करने का आदी था। उसकी पत्नी 4-5 माह से अपने मायके ग्राम गाड़ाडीह जाकर माता-पिता के साथ रह रही थी। सोमवार को भी युवक ने शराब सेवन किया था। इसी दौरान युवक ने जहर सेवन भी कर लिया। दोपहर में युवक ने घर पर उल्टी की जिससे जहरीली दुर्गन्ध आ रही थी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने युवक को बेहोशी की हालत में उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार की शाम युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मंगलवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## आप का धरना प्रदर्शन कल

**धमतरी।** किसानों की परेशानियों को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने टोकन काटने की मांग को लेकर 29 जनवरी को धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त खराब भखारा रोड में दुर्घटनाओं से सुरक्षा के लिए उपाय करने की मांग भी उठाई है।

आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सत्यम गोस्वामी ने बताया कि धान खरीदी की प्रक्रिया से किसान परेशान हो चुके हैं। कई किसान ऐसे हैं, जो एक बार भी टोकन नहीं ले पाए हैं। वे धान बेचने से वंचित हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे ही अन्य समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी धरना प्रदर्शन करेगी। इसके बाद कलेक्ट्रोरेट मोड़ से कलेक्टोरेट तक रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने पुराना रायपुर रोड की खराब स्थिति पर भी आवाज उठाई। इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। आए दिन छोटी बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके बाद भी सुरक्षा के उपाय नहीं किए गए हैं। उन्होंने इस मार्ग में वाहनों की गति सीमा निर्धारित करने, स्पीड ब्रेकर बनाने, रिफ्लेक्टर लगाने, रोड मार्किंग करने और दुर्घटनाजन्य स्थानों पर संकेतक चिन्ह लगाने की मांग की है।


















मिनी स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

# नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष ने ध्वजारोहण कर परेड की ली सलामी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंवरी



नगर पंचायत भखारा के मिनी स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।

समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा करने वाले 20 व्यक्तियों एवं संस्थाओं का सम्मान किया गया। भव्य झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। मैदानी नृत्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। इस अवसर पर अध्यक्ष ने नगर विकास हेतु मार्गदर्शन एवं अपने कार्यकाल में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन और प्रेरक प्रयास से सभी कार्य पूरे करने का सम्बल मिलता है। देशभक्ति पर आधारित थीम पर छात्र-छात्राओं ने रोचक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारीग, प्राचार्य एवं शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में नागरिक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

लम्बे समय बाद विधायक प्रतिनिधि हरख जैन एवं अध्यक्ष ज्योति जैन की सकारात्मक सोच एवं पहल पर कार्यक्रम सार्वजनिक रूप से खेल मैदान में हुआ। सीएमओ और टीम ने कार्यों को जबाबदारी से अंत तक संभाला। प्रथम बार सभी को मोमेंटो प्रतीक चिन्ह प्रदान किये गये। मार्च पास्ट में इस बार प्रतियोगिता रखी गयी थी। प्रथम गैलेक्सी स्कूल, द्वितीय शासकीय मिडिल स्कूल भठेली एवं तृतीय सर्वोदय स्कूल को ट्रॉफी दी गई। कार्यक्रम का संचालन सीपी धनकर ने किया। मार्च पास्ट रवि ठाकुर, सांस्कृतिक कार्यक्रम का बीपी गोस्वामी ने शानदार संभाला। सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कुलदीप साहू, दानेश्वर साहू, तवेन्द्र चौरे, मेघराज सोन, समीर गौर, गरिमा साह, राहुल सार्वा, ताराबाई मारकण्डे, कुशराज सोन, घनश्याम यादव, लेखा साहू ,गोविन्द यादव, सुकालू राम साहू एवं रास डण्डा टीम, सुरेश साहू, रवि ठाकुर, सी.पी.धनकर, उषा साहू शिक्षिका, जानेश्वरी केतवानी, स्व. त्रिलोचन बर्मन, डॉ. रमेश यदु,शिशिर सेठिया, माधुरी डडसेना का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पुष्पलता देवांगन पूर्व नप अध्यक्ष, प्राचार्य श्री चौधरी, विनोद साहू, हेमनारायण सिंह गौर, हूपेंद्र सोन, भरत नाहर, रामगोपाल देवांगन, झम्मन साहू, अविनाश गौर, छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, डॉ मोहन हरदेल, टकेश्वर पुरी गोस्वामी, भूपेंद्र यादव, डुमेंद्र गैंगबेर, मेघनाथ साहू, चांदनी साहू, भूपेश्वरी चंदेल, गौतमी पटेल, खेमलता साहू, जितेंद्र साहू, विदेशीराम साहू, कृपाल साहू, संतोषी निषाद, दिनेश यादव, सुरेन्द्र बेड़गे, मनीष साहू, परदेशी कंवर, शेखर सिन्हा, चंद्रप्रकाश साहू, शोभा राम साहू, चोवा ढीढी, पुरनेश्वर साहू, बिंदु शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# मुख्य समारोह में विधायक चंद्राकर ने फहराया तिरंगा, तीन रंग के गुब्बारे आकाश में छोड़े

- स्वतंता संग्राम सेनानी, शहीदों के परिजनों को शाल एवं श्रीफल देकर किया सम्मानित
- विभिन्न स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति








हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

जिला मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में कुरूद विधायक व मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने परेड का निरीक्षण कर परेड की सलामी ली और मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया। गणतंत्र दिवस समारोह धमतरी के एकलव्य खेल मैदान में आयोजित किया गया था। विधायक श्री चंद्राकर ने तीन रंग के गुब्बारे शांति स्वरूप आकाश में छोड़े। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत अरुण सार्वा, महापौर रामू रोहरा, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार एवं अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों से मुलाकात की। उन्हें साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात विभिन्न स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा विभिन्न विभागों के शासकीय योजनाओं एवं गतिविधियों की झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया। जिला और पुलिस प्रशासन के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी और जवानों तथा एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड के प्लाटून एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले स्कूल विद्यार्थी टीम को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

## धान मंडी प्रांगण में झण्डा फहराया



**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा के धान मंडी प्रांगण में झण्डा फहराया गया। मौके पर विदेशीराम साहू उपनिरीक्षक प्रभारी, मनोहर सोनवानी उपनिरीक्षक, तेखूराम साहू उपनिरीक्षक, राकेश यादव भृत्य, कमलेश निर्मलकर कम्प्यूटर आपरेटर सहित अनेक नगरवासी उपस्थित थे।

## चिकित्सकों का किया सम्मान



**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा- भठेली में आयोजित तीन दिवसीय रामायण कार्यक्रम में डॉक्टर बिंदिया साहू एवं गौरव नेताम का सम्मान किया गया। डॉ बिंदिया के पिता संतोष साहू आर्मी से सेवानिवृत्त हुए हैं। डॉ गौरव नेताम के पिता डॉ अरुण नेताम नगरी के सिविल हॉस्पिटल में सेवा दे रहे हैं। पार्षद डुमेंद्र गंगबेर का भी सम्मान किया गया।

## तहसील ऑफिस कुकरेल में गणतंत्र दिवस मनाया गया



**कुकरेल(धमतरी)।** गणतंत्र दिवस तहसील ऑफिस कुकरेल में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर तहसीलदार ख्याति कंवर द्वारा झंडा फहराया गया। मौके पर ज्योति यादव, झंकार शर्मा, विवेकानंद नागवंशी, राजस्व निरीक्षक संजय सोनी, पटवारी योगेंद्र श्रीमाली, कुशल कुंजाम, कोटवार सुरेश दास मानिकपुरी, गुहलेद देवदास, भुनेश दास, बल्लू, सुदर्शन दास उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस पर पटवारी ऋषि कपूर गंगेले, द्विजराम मरकाम, लक्ष्मी धनेशकर, सुरेश वत्सल, गोविंद साहू, वीरेंद्र कुमार कुंजाम, काव्या, दयान कुंजाम ने अपने विचार रखे।

## लिमतरा सोसाइटी में अध्यक्ष ने फहराया तिरंगा



**धमतरी।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति लिमतरा में सोसाइटी अध्यक्ष आंनद चंद्राकर ने ध्वजारोपण कर देश के शहीदों को नमन किया तथा सभी कृषक सदस्यों से देश की एकता व अखंडता को बनाये रखने की अपील की। समिति प्रबंधक प्रेमकुमार साहू ने भी अपने विचार रखे। मौके पर मोतीलाल साहू, छबिलाल, श्रीमती किरण सिन्हा, दवारिका साहू, चेमन, भगवती, कार्तिक, मोहित, कोमल, दीनदयाल, देवेंद्र, भावेंद्र, अग्रवाल, हेमंत, विनय, घनश्याम, फगेश्वर, हरीश, संतोष मौजूद थे। यह जानकारी घनश्याम सिंह साहू ने दी।

## अंगिरा ने किया जनपद पंचायत परिसर में ध्वजारोहण



**धमतरी।** जनपद पंचायत धमतरी में अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वर्षारानी, लक्ष्मण साहू, लेखा अधिकारी रवि सोनी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष केशव साहू, जनपद सदस्य अनीता यादव, कैलाश देवांगन, कीर्तन मीनपाल, भारती साहू, ब्रजेश जगताप, हरनारायण साहू, योगेश मार्कण्डे तथा जनपद के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। अंगिरा ध्रुव ने जनपद पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रोजगार सहायक, बिहान समूह की महिलाओं और जनपद पंचायत के कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

## बसंत पंचमी का पर्व ज्ञान और नवचेतना का प्रतीक



**धमतरी।** शासकीय माध्यमिक शाला रत्नाबांधा में बसंत पंचमी पर विद्या एवं कला संगीत की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से सहभागिता निभाई। इस अवसर पर जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने कहा कि बसंत पंचमी का पर्व ज्ञान, विद्या और नवचेतना का प्रतीक है। मां सरस्वती की आराधना से अध्ययन में एकाग्रता बढ़ती है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, सुख और समृद्धि का संचार होता है। प्राचार्य वेणुका देवांगन ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों को अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि विद्यार्थी ही राष्ट्र का भविष्य होते हैं। मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाएं श्रीमती मंजू गोस्वामी, मीना पटेल, उषा गजपाल, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक ज्ञानेश्वर सिन्हा, रामसिंह मंडावी, निर्मला, ठमेश्वरी, सविता, शिवरानी, लीला, दुर्गा, तिलकदास, कृष्णीबाई, गोपाल साहू, अंजू मीनपाल समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## रामपुर स्कूल में संस्था प्रमुख ने तिरंगा फहराया



**बगदेही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भारतमाता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना की गई। संस्था प्रमुख द्वारा तिरंगा फहराया गया। प्राचार्य एवं व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू के मार्गदर्शन में स्कूल के चारों हाउस सत्यम शिवम् सुंदरम और मधुरम के बच्चों द्वारा मार्चपास्ट एवं पीटी ड्रिल का प्रदर्शन किया गया। चार हाउस का कैप्टन (फ्लैग होल्डर) एवं उप कैप्टन (हाउस नाम होल्डर) बनाया गया। कमांडर की भूमिका नोमिका ने निभाई। प्रभातफेरी के पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला विकास समिति अध्यक्ष सोम प्रकाश दुबे रहे। मौके पर प्राचार्य एमआर मनहर, उपप्राचार्य आरके बघेल, व्याख्याता आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, जीके साहू, डीके साहू, जे.ध्रुव, पी.शर्मा, एस.साहू, एम.ठाकुर, ओमेश्वरी साहू समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## धौराभाठा में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा में चुनेश्वर साहू अध्यक्ष प्रबंधन समिति एवं माध्यमिक शाला में दारासिंह ध्रुव अध्यक्ष प्रबंधन समिति द्वारा तिरंगा फहराया गया 1 तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, राजकीय गीत पश्चात स्कूली बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। पंचायत भवन, आंगनबाड़ी, चौक-चौराहों पर ध्वजारोहण हुआ। शाला प्रांगण में बच्चों ने देशभक्ति गीत, पारंपरिक लोकगीतों पर नृत्य सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मौके पर त्रिलोचन साहू सरपंच, ज्ञानिक ध्रुव अध्यक्ष ग्राम समिति, दानीराम साहू, महेश, खुमान, छबिलाल, भगवानसिंग, तेजराम, बहुर सिन्हा, छन्नूराम, अमृत ठाकुर, किरण सिन्हा पूर्व सरपंच, विश्वनाथ, जयकिशन, गिरधारी, गोपाल, छबिल, प्रेमलाल, प्रधानपाठक हेमंत सोनकर, प्रहलाद सिन्हा, धनेश्वरी साहू, ग्वालसिंग, धनंजय, शुभम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन प्राथमिक प्रधानपाठक लीलाराम साहू ने किया।

## टिकरापारा में हुआ ध्वजारोहण



**धमतरी।** टिकरापारा चौक में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि हामिद अली दाऊदी, विशिष्ट अतिथि एसआर पॉल, दशरथ सिंह चंद्राकर थे। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद मदन नेवारे का विशेष योगदान रहा।

## रसायनशास्त्र प्रायोगिक संपर्क कक्षा 30 से

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के बीएससी द्वितीय व तृतीय वर्ष के अमहाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के रसायनशास्त्र विषय की प्रायोगिक कक्षाएं 30 जनवरी से 8 फरवरी तक होगी।

# शुष्क दिवस पर अवैध शराब बेचते दो गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

- 94 पौवा देशी शराब व हजारों रूपये जब्त

शुष्क दिवस 26 जनवरी को अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे दो युवकों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 94 पौवा अवैध शराब के साथ हजारों रूपये बरामद किये गये हैं।

पुलिस के अनुसार शासन द्वारा 26 जनवरी मंगलवार को शुष्क दिवस घोषित किया गया था जिसके तहत पुलिस शुष्क दिवस का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी नजर रख रही थी। इसी दौरान मुखबिर से महात्मा गांधी वार्ड एवं विंध्यवासिनी वार्ड क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से शराब बिक्री की सूचना मिली। सिटी कोतवाली द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई के लिये रवाना किया गया।

पुलिस ने सबसे पहले महात्मा गांधी वार्ड के नयापारा में दबिश दी। जहां वार्ड के हेमंत यादव उर्फ मंगलू को अपने निवास स्थान में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से देशी प्लेन शराब 13 नग, मसाला शराब 19 नग कुल 32 पौवा कीमत 2940 रूपये व बिक्री रकम 300 रूपये बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी हेमंत यादव उर्फ मंगलू पिता प्रकाश यादव उम्र 32 वर्ष नयापारा निवासी को आबकारी एक्ट 34-2 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। पुलिस की दूसरी कार्रवाई विंध्यवासिनी वार्ड में हुई। पुलिस टीम ने वार्ड के गड्ढापारा में स्थित पानी टंकी के पास दबिश देकर मोहल्ले के चंद्रकांत साहू उर्फ चंदू को अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करते पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी प्लेन शराब 30 नग पौवा, मसाला शराब 32 पौवा कुल 62 पौवा कीमत 7800 रूपये व बिक्री रकम 1250 रूपये रूपये बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी चंद्रकांत साहू उर्फ चंदू पिता कैलाश उम्र 30 वर्ष विंध्यवासिनी वार्ड गड्ढापारा निवासी को आबकारी एक्ट 34-2 के तहत गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# गणतंत्र दिवस पर नगर में निकाली प्रभात फेरी





**धमतरी।** मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उत्साहपूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया। शाला की सभा में झंडा फहराते हुए शिक्षकों द्वारा राष्ट्रीय गीत जन-गण-मन एवं वंदे मातरम् गीत प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा नगर में प्रभातफेरी निकाली गई। इस अवसर पर शाला के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भाषण प्रस्तुत किया गया। प्राचार्या श्रीमती अनुपमा सिंह ने छात्रों को आज के इस एतिहासिक दिवस एवं इसके इतिहास और महत्ता की जानकारी दी। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीयों में स्वतंत्रता की भावना जगाने वाले देश के प्रत्येक आजादी के मतवालों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धा से नतमस्तक किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधन समिति के मैनेजर एमके मसीह समेत शिक्षकगण एवं छात्रों की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर ने कलेक्टोरेट में फहराया राष्ट्रीय ध्वज



**धमतरी।** गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्टोरेट में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देहारी, पवन प्रेमी सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। अपर कलेक्टर पवन प्रेमी ने सड़क दुर्घटना संबंधी व्यंग-कविता सुनाई। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि आज ही के दिन हमारे देश का संविधान लागू हुआ था।कलेक्टर ने नए साल की शुरुआत में अच्छे नए संकल्प लेकर आगे बढ़ने प्रेरित किया। उन्होंने अधिकारियों कर्मचारियों को अपने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने कहा। उन्होंने कहा कि संविधान पर देश के सभी लोगों का पूरा विश्वास होता है और इसी संविधान के तहत ही हमें एक शासकीय सेवक के रूप में जनता की सेवा करने का अवसर मिलता है। कलेक्टर ने अधिकारियों और कर्मचारियों को टीमभावना के साथ एक दूसरे का सहयोग करते हुए जिले के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। विभिन्न अधिकारियों कर्मचारियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत भाषण, गीत एवं कविता तथा गणतंत्र दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

## मड़ई से पहले नगर पंचायत ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नगरी।** नगरी मड़ई मेला का आयोजन शनिवार 24 जनवरी को नगर व्यवस्था समिति द्वारा किया गया है। इस आयोजन को बेहतरीन बनाने के लिए नगर पंचायत नगरी एवं नगर व्यवस्था समिति के सहयोग से मड़ई मेला स्थल एवं आसपास के क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में मेला स्थल, मड़ाईभाठा क्षेत्र एवं नगर के माता तालाब की साफ-सफाई की गई। बाहर से आने वाले दुकानदारों एवं नगरवासियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर सफाई कार्य किया गया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


ग्राम पंचायत मड़ेली
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
गाड़ा-गाड़ा बधाई
श्रीमती सोनवती कमार
सरपंच ग्राम पंचायत मड़ेली
गुलशनकुमार साहू
उपसरपंच ग्रा.पं. मड़ेली
होरीलाल साहू
सचिव ग्रा.पं. मड़ेली
रतनू कमार पंच
सरपंच प्रतिनिधि ग्रापं मड़ेली
विनीत : सरपंच ग्राम पंचायत मड़ेली, वि.खं. मगरलोड, जिला धमतरी


ग्राम पंचायत बिरझुलि
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
श्रीमती पुष्पलता सिन्हा
सरपंच ग्राम पंचायत बिरझुलि
रामायण सिन्हा
सरपंच प्रतिनिधि ग्रापं बिरझुलि
विनीत : सरपंच ग्राम पंचायत बिरझुलि, वि.खं. मगरलोड


नगर पालिका कुरूद की जनता एवं क्षेत्रवासियों को
भारतीय लोकतंत्र के महापर्व
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मा. अजय चन्द्राकर
विधायक कुरूद एवं पूर्व केबिनेट मंत्री
गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर
मा. विधायक अजय चंद्राकर जी के प्रेरणा से
संविधान निर्माता, भारत रत्न
डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी
के प्रतिमा अनावरण में पधारे सभी अतिथियों का
आभार
ज्योति भानु चन्द्राकर
अध्यक्ष नगर पालिका कुरूद
भानु चन्द्राकर
विधायक प्रतिनिधि एवं
पूर्व नेता प्रतिपक्ष न.पं. कुरूद
संविधान निर्माता भारत रत्न
डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी
के विशाल प्रतिमा का अनावरण गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर
कुरूद नगर पालिका की ओर से मुख्य अतिथि
श्रीमती ज्योति भानु चन्द्राकर जी
अध्यक्ष नगर पालिका कुरूद का
मेरे वार्ड, हमारे समाजजनों सहित नगरवासियों को जो सौगात दिए है,
उसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं... वंदे मातरम्-जय भीम
महेन्द्र गायकवाड़
सभापति एवं पार्षद
वार्ड क्र. 04 नपा कुरूद
विनीत : एक शुभचिंतक कुरूद


समस्त क्षेत्रवासियों एवं
किसान बंधुओं को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
• 0% में अल्पकालीन कृषि ऋण का वितरण समितियों द्वारा
• स्वरोजगार क्रेडिट कार्ड योजना
• केसीसी पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी हेतु ऋण सुविधा
• सभी समितियों में माइक्रो एटीएम के द्वारा राशि आहरण की सुविधा।
• सी.एस.सी कामन सर्विस सेंटर की सुविधा सभी समितियों में उपलब्ध।
• समर्थन मूल्य पर धान खरीदी समितियों द्वारा सुगमता से संचालित।
• मध्यकालीन एवं दीर्घकालीन (थ्रेसर, ट्रैक्टर, तार फेसिंग, बोर खनन) सबमर्सिबल कार्य हेतु ऋण सुविधा।
• शासकीय एवं अर्धशासकीय कर्मचारियों को आवास ऋण मोटर सायकल ऋण शाखा द्वारा वितरण की सुविधा।
निरंजन सिन्हा
अध्यक्ष, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. रायपुर
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर, शाखा-कुरूद
टीकेन्द्र बैस
शाखा प्रबंधक, कुरूद
चंद्रकुमार साहू
पर्यवेक्षक, शाखा कुरूद
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कुरूद
प्रभात बैस
प्राधिकृत अधिकारी
त्रिलोचन बासकर
पर्यवेक्षक, समिति प्रभारी
अभिनेश कश्यप (बाबी)
उपाध्यक्ष, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. रायपुर
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, कुहकुहा
थानेश्वर साहू
प्राधिकृत अधिकारी
लेखराम साहू
समिति प्रबंधक
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, गाड़ाडीह
चैनेश्वर सिंह साहू
प्राधिकृत अधिकारी
रमेश कुमार देवांगन
समिति प्रबंधक
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, मंदरौद
खूबलाल साहू
प्राधिकृत अधिकारी
नंदूराम साहू
समिति प्रबंधक
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, चर्रा
रामकुमार साहू
प्राधिकृत अधिकारी
लिनेश्वर बैस
समिति प्रबंधक
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, कातलबोड़
विकास साहू
प्राधिकृत अधिकारी
पंकज पटेल
समिति प्रबंधक
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, बगौद
कुलेश्वर चंद्राकर
प्राधिकृत अधिकारी
जितेन्द्र पाल
समिति प्रबंधक
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, भाठागांव
आदर्श चंद्राकर
प्राधिकृत अधिकारी
गुरूनारायण पाठक
समिति प्रबंधक
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, सिवनीकला
चंद्रप्रकाश साहू
प्राधिकृत अधिकारी
दुर्गेश बैस
समिति प्रबंधक

एसडीएम के आश्वासन पर आंदोलन स्थगित, दो दिन में समस्या दूर नहीं होने पर फिर होगा आंदोलन

# किसानों की पीड़ा : कांग्रेसियों ने एनएच पर किया चक्काजाम, पौन घंटे यातायात बाधित





### जबरदस्ती रकबा समर्पण

कांग्रेसियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा में कहा है कि किसान चोर, उच्चके नहीं है। प्रशासन के लोग मनमाने ढंग से किसानों के घर जा रहे हैं। जबरदस्ती रकबा समर्पण कराया जा रहा है। समस्याओं को सुनने के बाद एसडीएम पीयूष अग्रवाल ने दो दिनों में समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। अधिकारियों के आश्वासन पर कांग्रेसियों ने दो दिनों में समस्या निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी देते हुए चक्काजाम स्थगित किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धान नहीं बेच पाने की पीड़ा के साथ किसानों पर की जा रही ज्यादतियों के विरोध में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने नेशनल हाईवे पर चक्काजाम किया। पौन घंटे तक चक्काजाम कर शासन-प्रशासन के खिलाफ कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया है। गहमागहमी के बीच प्रशासनिक अधिकारियों एवं प्रदर्शनकारियों के बीच आधे घंटे की चर्चा के बाद एसडीएम के आश्वासन पर आंदोलन स्थगित हुआ। दो दिन के भीतर समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी कांग्रेसियों ने दी है। इस दौरान यातायात बाधित रहा।

धान खरीदी में अव्यवस्था को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने नेशनल हाईवे का चक्काजाम करने का आव्हान किया था। मंगलवार को 12 बजे तक ग्राम सम्बलपुर नेशनल हाईवे पर सैकड़ों कांग्रेसी तथा पीड़ित किसान उपस्थित हुए। 12 बजे कांग्रेसी शासन-प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए सम्बलपुर सोसाइटी के सामने नेशनल हाईवे पर बैठ गए। फोरलेन के दोनों ओर कांग्रेसियों द्वारा चक्काजाम किए जाने से आवागमन बाधित हो गया। किसानों ने धान की बोरियों को सड़क पर बिछाकर प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया।

चक्काजाम में कई पीड़ति किसान भी शामिल हुए। मगरलोड तहसील के ग्राम भरदा निवासी झुमुकलाल निर्मलकर ने बताया कि उसका किसान कोड नंबर एफसी 5900240150090 है। कुल 94 क्विंटल धान का विक्रय किया जाना था, जिसमें से 45 क्विंटल धान ऑनलाइन टोकन तुंहर हाथ के माध्यम से काटने पर सर्वर में त्रुटि बताई गई। टोकन नहीं कट पाने से किसान अब धान बेचने से वंचित हो गए हैं। ग्राम रावनगुड़ा निवासी किसान प्रेम बाई ने कहा कि प्राथमिक कृषि सहकारी समिति डोमा में उसका पंजीयन क्र. 944 है जहां से दूसरा टोकन अभी तक नहीं कटा है। धान की मात्रा 86.80 क्विंटल है। ग्राम छुही निवासी जगेश्वर ध्रुव ने बताया कि उसके धान को धान उपार्जन केन्द्र सलोनी में गुणवत्ता सही नहीं बताकर वापस कर दिया गया है। उसे 108 क्विंटल धान सलोनी खरीदी केन्द्र में बेचना था जिसमें से 53 क्विंटल धान ही खरीदा गया। किसान ने पूरा धान खरीदने की गुहार लगाई है। आंदोलन में पहुंचे कई किसानों ने अब तक एक दाना धान नहीं बेच पाने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने एक भी टोकन जारी नहीं होने वाले दर्जनों किसानों की लिस्ट प्रशासन को सौंपी। आंदोलनकारियों से चर्चा के लिए पहुंचे एसडीएम पीयूष अग्रवाल, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी सहित अधिकारियों से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर, विधायक ओंकार साहू, विपिन साहू, नीलम चन्द्राकर, शरद लोहाना, अंबिका मरकाम, योगेश बाबर सहित किसानों ने अपनी पीड़ा और समस्या बताई। आधे घंटे की लंबी चर्चा में सत्र की शुरूआत से धान खरीदी में अव्यवस्था बताते हुए राज्यपाल रमेन डेका के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा गया है कि किसान अपनी उपज बेचने भटकने को मजबूर हैं।

सरकार की गलत नीतियों के कारण अपनी मेहनत और परिश्रम से अर्जित उपज बेचने के लिए प्रताड़ित हो रहे हैं। ऑनलाइन टोकन (टोकन तुंहर हाथ) में आ रही तकनीकी दिक्कतों और आफ लाइन टोकन बंद होने से किसानों को हो रही परेशानी को दूर करने, धान खरीदी के लिए टोकन और खरीदी के अंतिम तारीख को आगे बढ़ाने प्रशासन द्वारा किसानों पर जबरन रकबा समर्पण का दबाव पर रोक लगाने, भौतिक सत्यापन के कारण हो रही देरी ऑनलाइन पोर्टल में त्रुटियों का सुधार, कई जगहों पर धान बेचने के बाद समय पर भुगतान नहीं मिलने की शिकायतों को दूर करने राज्य सरकार एवं प्रशासन को आदेशित करने की मांग की गई है।

आंदोलन में जिलाध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक लेखराम साहू, लक्ष्मी ध्रुव, शरद लोहाना, मोहन लालवानी, विपिन साहू, विजय देवांगन, प्रभात राव मेघावाले, नीलम चन्द्राकर, आनंद पवार, कविता बाबर, आलोक जाधव, सूर्य प्रभा चेटियार, राजेश ठाकुर, तिलक सोनकर, गुड्डा दीवान, शारदा साहू, खिलेन्द्र ध्रुव, योगेश शर्मा, गौतम वाधवानी, होमेन्द्र साहू, विनीत बाफना, अनवर रजा, राजा देवांगन, अखिलेश दुबे, देवव्रत साहू, विशु देवांगन, अंबिका सिन्हा, शास्त्री सोनवानी, अमरदीप, आकाश गोलछा, करण चन्द्राकर, बृजेश जगताप, कैलाश प्रजापति, डीहूराम साहू, राजू साहू, कृष्णा मरकाम, उदित नारायण साहू, गोविंद साहू, अविनाश, अमरदीप साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

### पुलिस की तगड़ी व्यवस्था

नेशनल हाईवे में चक्काजाम को लेकर जिला तथा पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। पुलिस लाइन तथा आसपास के थानों से पुलिस बल की मौजूदगी रही। पुलिस सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था के बीच चक्काजाम का आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ।

### ट्रेक्टर चलाते हुए आंदोलन स्थल पहुंचे पूर्व विधायक

कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू स्वयं ट्रेक्टर चलाते हुए आंदोलन स्थल पर पहुंचे। धोती, कुर्ता, गमछा पहने श्री साहू ने सरकार के खिलाफ जमकर आवाज बुलंद की।

# देवांगन समाज आज लगातार विकास की ओर अग्रसर : तारिणी



- देवांगन समाज ने धूमधाम से मनाया परमेश्वरी महोत्सव, विभिन्न झांकियां निकाली गई



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री/धमतरी

जिला देवांगन समाज ने जिला स्तरीय परमेश्वरी महोत्सव धूमधाम से मनाया। पुरानी कृषि उपज मंडी से लेकर दानीटोला स्थित देवांगन समाज भवन तक शोभायात्रा निकाली गई। समाज के विभिन्न मंडलों द्वारा अपनी कुलदेवी माता परमेश्वरी की अनेकों झांकी प्रदर्शित की गई। शोभायात्रा में सामाजिक लोग पीले रंग का वस्त्र और ध्वजा धारण कर झूमते नाचते गाते दिखे। महोत्सव में बस्तरिहा बाजार, नृत्य और झांकियों आकर्षण का केंद्र बनी रही। हथकरघा से कपड़ा बुनाई, चरखा से सूत काटते, भक्तों द्वारा माता की सेवा गीत गाते, अगहन माह में प्रसादी के रूप में आटे के दीए बनाने, पहलवानों ने हैरतअंगेज करतब का प्रदर्शन हुआ। शोभायात्रा घड़ी चौक, रामबाग होते हुए दानीटोला के सामाजिक भवन में पहुंची। यहां माता परमेश्वरी की महाआरती पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तारिणी चंद्राकर जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी थी। अध्यक्षता विनय देवांगन जिलाध्यक्ष देवांगन समाज ने की।

मुख्य अतिथि श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि आज देवांगन समाज लगातार विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। शिक्षा, व्यवसाय, स्वास्थ्य, सामाजिक सहित प्रशासनिक, राजनीतिक आदि विभिन्न क्षेत्र में अपनी जगह बनाकर समाज का नाम रोशन किया है। नीत नए आयाम को छूने देवांगन समाज लगातार अग्रसर है। मंच में पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। झांकियों की प्रस्तुति देने वाले बच्चों का भी सम्मान हुआ। सम्मान समारोह के बाद बच्चों का सांकृतिक कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर मोनिका देवांगन सभापति जिला पंचायत धमतरी, कौशिल्या देवांगन सभापति, विजय देवांगन पूर्व महापौर, संरक्षक रामगोपाल देवांगन, वेदिका देवांगन जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ जिला देवांगन समाज, दीपेश देवांगन जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, टीकाराम देवांगन अध्यक्ष भवन निर्माण समिति, सहसचिव खूबलाल देवांगन, महासचिव जयशंकर देवांगन, कोषाध्यक्ष बृजलाल देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन अध्यक्ष भोथली मंडल समेत सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# विश्वास कठिन समय में भी आपको उठने और बाउंस बैक करने में मदद करता है : डॉ. बिंद्रा

विधायक की पहल पर प्रोफेशनल बिजनेस कोच व मोटिवेशनल स्पीकर का हुआ प्रबोधन कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छोटी सोच ही आपको आगे बढ़ने से रोकती है। विश्वास के साथ बड़े लक्ष्य रखें। अपने काम करने के तरीके में बदलाव लाएं। यह तभी होगा जब आपको अपने आप पर विश्वास होगा। सफल होने के लिए सबसे पहले हमें यह मानना होगा कि हम सफल हो सकते हैं। विश्वास वह शक्ति है जो कठिन समय में भी आपको उठने और बाउंस बैक करने में मदद करता है। उक्त बातें डॉ विवेक बिंद्रा ने कुरुद की धरती से कही।

मंगलवार को विधायक अजय चंद्राकर की पहल पर अंतरराष्ट्रीय प्रेरक प्रबोधक डॉ विवेक बिंद्रा का अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम कुरुद में दोपहर 1 बजे से दो घण्टे का प्रबोधन हुआ। स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं एव छोटे-बड़े व्यापारियों के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए डॉ. बिंद्रा ने विश्वास को जीवन और व्यवसाय में आगे बढ़ने का सबसे प्रमुख मार्ग बताया है। उनके अनुसार सफलता न केवल शारीरिक मेहनत से आती है, बल्कि यह आपके विश्वास और मानसिकता पर निर्भर करती है।

उद्बोधन भाषण में विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि डॉ विवेक बिंद्रा भारत के एक अग्रणी बिजनेस कोच, मोटिवेशनल स्पीकर और बड़ा बिजनेस के सीईओ हैं, जिनके यूट्यूब चैनल पर 21 मिलियन से अधिक ग्राहक हैं, जो दुनिया का सबसे अधिक सब्सक्राइब्ड एंटरप्रेन्योरशिप चैनल है। उन्होंने 9 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित 12 से अधिक विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं। कुरुद के लिए यह सौभाग्य का दिन है कि आधुनिक प्रतिस्पर्धा के समय में आज ऐसे शख्सियत को सुनेंगे। आशा करता हूं कि कुरुद की यूथ इसका भरपूर लाभ उठाएंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रभात बैस व आभार प्रदर्शन नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में हजारों की भीड़ मौजूद थी।

### संस्कार अच्छा हो तो लक्ष्य जरूर साकार होगा

डॉ बिंद्रा ने डिजिटल स्क्रीन में अनेक एनिमेशन, वीडियो एवं बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ समझाते हुए कहा कि जिंदगी में पहली बार में किसी को सफलता नहीं मिलती। जिंदगी में जो आप करना चाहोगे व जरूर पूरा होगा। लेकिन उसके लिए आपको अपना दृष्टिकोण और काम करने के तरीके में बदलाव लाने की जरूरत है। इसके लिए सबसे पहले संस्कार सही होना चाहिए। संस्कार से ही विचार पैदा होता है। विचार अच्छा होगा तो व्यवहार बढ़िया होगा। व्यवहार ठीक रहेगा तो व्यापार ठीक चलेगा तभी आपका लक्ष्य साकार होगा।

### कठिन परिश्रम ही नहीं बल्कि काम करने का तरीका महत्वपूर्ण है

डॉ विवेक बिंद्रा ने आधुनिक प्रतिस्पर्धात्मक युग की सच्चाई से रूबरू कराते हुए कहा कि आज के समय में केवल कठिन परिश्रम ही काफी नहीं है, बल्कि किसी काम को कितनी तेजी और सटीकता से पूरा किया जाता है, वह सबसे अधिक मायने रखती है। अवसर हाथ से निकल न जाए, इसके लिए जल्द निर्णय लेना आवश्यक है। उन्होंने सभी से बड़ी सोच रखकर आगे बढ़ने और जीवन में तरक्की कर रहे लोगों की संगत करने पर बल देते हुए कहा कि अनपढ़ वे नहीं होते जो नहीं पढ़ पाए बल्कि अनपढ़ वही है जो सीखना नहीं चाहते।

# भैंसबोड़ में 30 से बहेगी रामरस की धारा

**अंवरी।** ग्राम भैंसबोड़ में मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक किया गया है। 30 जनवरी को राधा कृष्ण मानस परिवार धौराभाठा धमतरी, राजिम लोचन मानस परिवार रानी परतेवा राजिम, श्रीराम रूचि महिला मानस मंडली कोलियारी, राधा कृष्णा मानस परिवार थूहा भखारा, 31 जनवरी को अंजनी नंदन मानस परिवार धमनी, राजिम, महाकाव्य मानस परिवार कचना अभनपुर, भगवती मानस परिवार सेनचुवा, सेमरा

चण्डी महिला मानस परिवार सिंगदेही, वंदना महिला मानस मंडली पाररास बालोद, गौतम ऋषि मानस परिवार नगरी जिला धमतरी, श्रीराम कृष्ण मानस मंडली उमरदा, श्रीराम मानस परिवार मोतिमपुर मगरलोड, स्वरांजलि मानस परिवार तुमाकला, तुलसी के श्रृंगार मानस परिवार नारी चारभाठा, जय मां सरस्वती बालिका मानस मंडली सिलतरा एवं 1 फरवरी को सुरदास मानस मंडली जुगदेही, साकेत मानस मंडली केसरा, श्री अवध रघुनंदन मानस परिवार धमतरी, जय मां दंतेश्वरी महिला मानस परिवार खम्हरिया, धमतरी, स्वास्तिक महिला मानस मंडली खरतुली बालोद, जनक सुता बलिका मानस मंडली धुकसीडीह उतई भिलाई, आदर्श मानस परिवार गौराभाठ चम्पारण, प्रज्ञा मानस दर्शन मरौद, श्री सांई मानस परिवार अण्डा दुर्ग, प्रेम पीयूष मानस मंडली बिजेतला, भरत व्यास मानस परिवार कोण्डागांव बस्तर, श्री कृष्ण मानस मंडली बावनलाख बेमेतरा की प्रस्तुति होगी।

